# मंत्री अशोक चांदना को वैश्विक संस्था ‘विमेन इकोनॉमिक फोरम’का ‘लीडर ऑफ डिकेड’ सम्मान

## चर्चा में क्यों?

30 दिसंबर, 2022 को राजस्थान के खेल एवं युवा मामले तथा जनसंपर्क विभाग के राज्य मंत्री अशोक चांदना को वैश्विक संस्था ‘विमेन इकोनॉमिक फोरम’की ओर से नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में ‘लीडर ऑफ डिकेड’के सम्मान से सम्मानित किया गया।

## प्रमुख बिंदु

- विश्व स्तर पर महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिये कार्यरत् संस्था ने अशोक चांदना को यह सम्मान उनकी अगुवाई में राजस्थान सरकार की ओर से बालिकाओं और महिलाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे कार्यक्रमों के लिये दिया है।
- मंत्री अशोक चांदना ने नई दिल्ली के होटल जेडब्ल्यू मैरियट में आयोजित तीनदिवसीय ‘एनुअल डब्ल्यूईएफ-2022, ब्रिज द गैप: एजैंडा फॉर जी-20’ कार्यक्रम के दूसरे दिन ‘पावर ऑफ नेटवर्किंग: अधिक उचित और समान विश्व की ओर’सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि देश और दुनिया के न्यायोचित एवं समावेशी विकास के लिये सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना अति आवश्यक है।
- चांदना ने कहा कि आधुनिक युग में सभी प्रबुद्ध लोगों, संस्थाओं और सरकारों को एक-दूसरे से सीखने की ज़रूरत है, ताकि विकास और समृद्धि के मुकाम को जल्द हासिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि तकनीकी के इस युग में नेटवर्किंग की भूमिका बहुत ही सशक्त है। लोकल संस्थाओं को वैश्विक संस्थाओं के साथ नेटवर्किंग करके विकास के मुकाम हासिल करने में सहूलियत होती है।
- चांदना ने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा बालिका शिक्षा, सुरक्षा और समाज के सभी क्षेत्रों में भागीदारी के लिये कई महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण ओलंपिक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे राजस्थान से 30 लाख लोगों ने भागीदारी की। इन ग्रामीण ओलंपिक खेलों में महिलाओं और बालिकाओं की भी भागीदारी उत्साहपूर्ण रही।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/minister-ashok-chandna-receives-leader-of-decade-award-from-women-economic-forum